**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**मानव संसाधन प्रबंध विभाग, चेन्नै**

**वर्दी की सिलाई के लिए दर्जियों / टेलरिंग फर्मों का पैनल बनाने के लिए नोटिस – भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै**

**पैनल की अवधि: – (01 सितम्बर 2026 – 31 मार्च 2029)**

भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै (जिसे आगे से "बैंक" कहा गया है) अपने स्टाफ सदस्यों के लिए वर्दी/लिवरी की सिलाई/आपूर्ति करने हेतु कम से कम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित दर्जियों/सिलाई फर्मों, जिनका प्रतिष्ठान चेन्नै निगम सीमा के भीतर पंजीकृत/स्थित है, से दर्जियों/सिलाई फर्मों का पैनल बनाने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह पैनल 01 सितम्बर 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए चालू रहने की प्रत्याशा है। संतोषजनक कार्यनिष्पादन और बैंक के विवेकाधिकार के अधीन पैनल की अवधि वार्षिक आधार पर 31 मार्च 2029 तक बढ़ाया जा सकता है।

2. इच्छुक दर्जी, पूर्ण विवरण और आवदेन प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए **24 जुलाई से 21 अगस्त 2026 तक** बैंक की वेबसाइट https://www.rbi.org.in/ पर 'टेंडर' लिंक (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewTenders.aspx) का संदर्भ ले सकते हैं।

3. विधिवत भरे गए आवेदन प्रपत्र क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, फोर्ट ग्लासिस, नंबर 16, राजाजी सालै, चेन्नै - 600 001 को **"वर्दी/लिवरी की सिलाई/आपूर्ति करने के लिए दर्जियों / टेलरिंग फर्मों का पैनल बनाना"** अंकित सीलबंद लिफाफे में **21 अगस्त 2026 (शुक्रवार)** को **दोपहर 3:00 बजे** तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जो दर्जी वर्तमान में बैंक के पैनल में हैं, वे नए सिरे से पैनल में रखे जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्य दिवसों में सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे के दौरान 044 – 2539 9051/ 044-2539 9207 पर संपर्क करें।

4. बैंक निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी निबंधन और शर्तों को संशोधित करने या वापस लेने या बिना किसी नोटिस दिए या बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को पूर्णत: या आंशिक रूप से अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आगे परिशिष्ट / शुद्धिपत्र, यदि कुछ हो तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी पर बाध्यकारी होगा।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै